कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/प्रकाशन/प्रेषण प्रतिवेदन/5592/2016/119 दिनांकः 04.01.2019

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)माध्यमिक ।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक ।
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक संदर्भ केन्द्र प्रभारी समग्र शिक्षा अभियान।

विषयः– शीतकालीन अवकाश में आयोजित विभिन्न संवर्गों के प्रशिक्षण शिविरों के संभागियों को विभागीय मासिक पत्रिका शिविरा की सदस्यता के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके अधीन समस्त संभागों/जिलों/ब्लॉक में शीतकालीन अवकाश में विभिन्न संवर्गों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रशिक्षण शिविरों में अपनी उपस्थिति दे रहे समस्त संभागियों को विभागीय मासिक पत्रिका शिविरा की सदस्यता हेतु प्रेरित करें जिससे वे विभिन्न विभागीय योजनाओं/आदेशों/परिपत्रों के साथ–साथ शैक्षिक नवाचारों सामयिक/साहित्यिक आलेखों से लाभान्वित हो सके। साथ ही शिविरा पत्रिका के विभिन्न स्थाई स्तंभो यथा– शाला प्रांगण, भामाशाह, समाचार चतुर्दिक हेतु अपने–अपने विद्यालयों में होने वाली गतिविधियों तथा कार्यकमों व विभिन्न आयोजनों के संबंध में जानकारी तथा शिविरा पत्रिका हेतु अपनी मौलिक रचनाएं भी प्रकाशनार्थ भिजवा सकें।

शिविरा की सदस्यता हेतु वार्षिक चंदा दर व शर्तें निम्नानुसार है–

- व्यक्तिगत मंगवाने हेतु – 75 रू वार्षिक।
- राजकीय संस्थाओं/कार्यालयों/विद्यालयों के लिए – 150 रू. वार्षिक।
- गैर राजकीय संस्थाओं हेतु – 200 रू. वार्षिक।
- मनीऑर्डर/बैंक ड्रॉफ्ट/पोस्टल ऑर्डर **निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर** के नाम ही देय है।
- चैक स्वीकार्य नहीं है।
- शिविरा मंगवाने हेतु पूर्ण पता मय पिन कोड, मो0न0 तथा वार्षिक चंदा राशि/ मनीऑर्डर/बैंक ड्रॉफ्ट/पोस्टल ऑर्डर वरिष्ठ संपादक, शिविरा पत्रिका, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को भिजवाया जाना सुनिश्चित करावें।

क्रमांकः शिविरा/माध्य/प्रकाशन/प्रेषण प्रतिवेदन/5592/2016/119 दिनांकः 04.01.2019

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ :–

1 स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
2 सिस्टम एनालिस्ट कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु।
3 रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)